आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 06.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर में चिनाब ब्रिज और अंजी पुल के उद्घाटन अवसर पर कहा–देश अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल नेटवर्क से जुड़ गया है।
- वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आज प्रदेशभर में श्रमदान कार्यक्रम।
- देश में वक्फ सम्पत्तियों के पंजीकरण और प्रबंधन में पारदर्शिता के लिए **उम्मीद** पोर्टल की शुरूआत।
- नीट–पीजी 2025 परीक्षा तीन अगस्त को एक पारी में होगी।

000

देश अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू–कश्मीर के कटरा में चिनाब ब्रिज और अंजी पुल के उद्घाटन के अवसर पर ये बात कही। श्री मोदी ने 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर का विकास भारत की एकता का उद्घोष है।

000

प्रधानमंत्री ने कहा कि चिनाब और अंजी दोनों पुल पीर पंजाल रेंज की दुर्गम पहाड़ियों में बनाए गए हैं। ये भारत की इंजीनियरिंग क्षमता के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर के सेब अब कम लागत और कम समय में देशभर के बाजारों तक पहुंच सकेंगे।

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसे छह प्रतिशत से घटाकर साढे पांच फीसदी करने की घोषणा की। आरबीआई ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। आर्थिक विकास को बढावा देने के लिए ये निर्णय लिया गया है। वहीं नकद आरक्षित अनुपात सीआरआर में सौ आधार अंकों की कटौती की गई है। इस कदम से बैंकिंग प्रणाली में ढाई लाख करोड़ रुपये आने की उम्मीद है, जिससे तरलता बढेगी और ऋण प्रवाह को समर्थन मिलेगा।

000

प्रदेश में शुरू हुए वंदे गंगा जल संरक्षण – जन अभियान के तहत आज श्रमदान कार्यक्रम रखे गये। इस दौरान जल स्त्रोतों की सफाई, मरम्मत कार्य और जनजागरुकता गतिविधियां हुई। झालावाड़ जिले में विभिन्न जल स्रोतों की सफाई की गई।

उधर, चूरू जिला मुख्यालय स्थित सेठाणी जोहड़ पर जल पूजन कर श्रमदान किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अजमेर, हनुमानगढ़, बांसवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर जल उपयोगिता बढाने और सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए विभिन्न विभागों की ओर से संयुक्त अभियाल चलाया गया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर से राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत ये पहली वातानुकूलित रेल सेवा शुरू की गई है। दुर्गापुरा से रवाना हुई इस ट्रेन के माध्यम से आठ सौ तीर्थयात्री रामेश्वरम और मदुरै की यात्रा करेंगे। आठ

दिन की यात्रा में रामेश्वरम में विभिन्न मंदिरों के साथ मदुरै में प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर के दर्शन किये जा सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बुजुर्गों के लिए सुगम तीर्थयात्रा के प्रबंध किये हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज सिरोही दौरे पर रहे। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी और पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल का कल चित्तौडगढ जाने का कार्यक्रम है।

000

क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर का आज जयपुर में अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। इससे पहले जयपुर में संघ शक्ति कार्यालय में उनकी पार्थिव देह दर्शन के लिए रखी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रोलसाहबसर के निधन पर कई राजनेताओं और विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों ने दुख जताया है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि देर रात जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उनका निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। श्री सिंह संघ के सक्रिय नेता रहे। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए दशकों तक काम किया। वे समाज के हितों की आवाज को प्रभावी रूप से उठाते रहे।

000

केन्द्र सरकार ने वक्फ सम्पत्तियों के पंजीकरण और प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के लिए आज उम्मीद पोर्टल की शुरूआत की। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने इस पोर्टल को लॉंच किया। उम्मीद का मतलब **संयुक्त वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995** से है।

इस पोर्टल पर वक्फ सम्पत्ति की जानकारी और औकाफ की सूची अपलोड की जाएगी। नए वक्फ के रजिस्ट्रेशन के आवेदन भी पोर्टल के जरिए होंगे। इसके साथ ही मुतवल्ली के खातों और औक़ाफ रजिस्टर का रखरखाव भी इसी पर किया जाएगा। वक्फ सम्पत्तियों की ऑडिट रिपोर्ट भी पोर्टल पर प्रकाशित होगी। इस अवसर पर श्री रिजीजू ने कहा कि उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रबंधन की दक्षता बढाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल के 11 साल 9 जून को पूरे हो रहे हैं। ये बतौर प्रधानमंत्री श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ है। इस दौरान देश ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नये आयाम प्राप्त किये हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बीते 11 साल में सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है।

केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं। भीलवाड़ा जिले में प्याज की खेती करने वाले किसान शंकर लाल शर्मा ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी नीतियों से किसानों को समय पर खाद बीज मिल रहा है और अनुदान की राशि भी सीधे खातों में आ रही है।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के योग और स्वस्थ वृत्त विभाग के सह–आचार्य राहुल पाराशर का संदेश। इनका कहना है कि योग जीवन को सम्पूर्ण बनाता है।

000

प्रदेश के खान धारक अपनी लीज के बारे में ऑनलाइन जानकारी ले सकेंगे। खनिज प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए ये पहल की गई है। और ब्यौरा दे रहे हैं समाचार कक्ष से हमारे प्रतिनिधि –

000

नीट–पीजी 2025 परीक्षा तीन अगस्त को एक पारी में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को ये परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी। बोर्ड ने परीक्षा आयोजन के लिए दो महीने से अधिक का समय मांगा था। इसके साथ ही तीन जून को समय बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। इसमें परीक्षा केंद्रों की संख्या दोगुनी और सुरक्षा इंतजाम करने की जरूरत बताई गई थी। इन कारणों को उचित मानते हुए न्यायालय ने परीक्षा आयोजन के लिए नई तारीख का अनुमोदन किया गया।

000